**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राजभवन, माउंट आबू में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन

## गजल और ओडिसी नृत्य की प्रस्तुतियों से बरसा आनंद

जयपुर/ माउंट आबू, 6 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र की उपस्थिति में राजभवन, माउंट आबू में मंगलवार को भी मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं।

प्रख्यात गजल गायक उस्ताद अहमद हुसैन और उस्ताद मुहम्मद हुसैन ने अपने सुरों से सांस्कृतिक संध्या में रंग भरे। प्रस्तुतियों की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। बाद में हुसैन बंधुओं ने अपनी बेहतरीन गजलों और सदाबहार गीतों का गुलदस्ता सुनने वालों के समक्ष पेश किया।

प्रख्यात ओडिसी नर्तक कृष्णेन्दु साहा और उनके साथी कलाकारों ने सुंदर भाव- भंगिमाओं और नृत्य मुद्राओं के साथ मंगलाचरण और पल्लवी नृत्य प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मीरा बाई के भजन पर आधारित ओडिसी प्रस्तुति मोक्ष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन पर राज्यपाल श्री मिश्र ने कलाकारों का अभिनंदन करते हुए उनका आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मधुकर गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता, राज्यों के चुनाव आयुक्त, अधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

---